वाहन जांच के दौरान नकली शराब बनाने की सामग्री बरामद

डीजे न्यूज, कतरास, धनबाद : कतरास-बाघमारा मुख्य सड़क पर लेडीडूमर के पास रविवार देर रात करीब एक बजे बरोरा पुलिस ने फोर्ड इंडीवर गाड़ी से 50 लीटर का 20 गैलेन, इंपीरियल ब्लू का 60 खाली कार्टून, 20 लीटर महुआ शराब से भरा हुआ गैलेन तथा पांच बोतल अंग्रेजी शराब का बोतल बरामद किया है। बरामद बीस गैलेन में करीब एक हजार लीटर स्पीरिट भरा हुआ था। इस बाबत सोमवार को बरोरा थाना परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बताया कि एस एसपी के निर्देश पर उक्त मार्ग पर वाहन जांच लगाया गया था। इस दौरान कतरास की ओर से आ रही सफेद रंग का फोर्ड इंडिवर गाड़ी को रुकने

का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन को बेहराकूदर बस्ती के पीसीसी पथ की भगाने लगा। पुलिस ने वाहन का पीछा किया तो चालक गाड़ी खड़ी कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। तलाशी के क्रम में वाहन के अंदर उक्त सामग्री बरामद किया गया। स्पीरिट की कीमत लगभग दो लाख रुपये आंकी ग ई है। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान न तो वाहन से संबंधित कागजात मिला और न ही जब्त सामान का। छापामारी दल में बरोरा थाना प्रभारी जय प्रकाश, सहायक अवर निरीक्षक सत्येन्द्र प्रजापति, हवलदार अजय कुमार एवं आरक्षी राजेश मंडल शामिल थे।

Source: https://devbhoomijharkhandnews.com/material-for-making-fake-liquor-recovered-during-vehicle-checking/